पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आश्विन 06, 1944
बुधवारः 28 सितंबर 2022

रक्षा मंत्री ने असम के दिनजान में सेना फॉरमेशन का दौरा किया; वास्तविक नियंत्रण रेखा पर प्रचालन संबंधी तैयारी की समीक्षा की

श्री राजनाथ सिंह रक्षा तैयारियों के जमीनी आकलन के लिए कल अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम चौकियों का दौरा करेंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 28 सितंबर 2022 को असम के दिनजान में सेना फॉर्मेशन का दौरा किया। रक्षा मंत्री 30 सितंबर 2022 तक असम और अरुणाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उनका अग्रवर्ती स्थानों का दौरा करने का कार्यक्रम है। उनके साथ थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कलीता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

यात्रा के दौरान श्री राजनाथ सिंह ने देश के सबसे पूर्वी हिस्से में फॉरमेशन की प्रचालन संबंधी तैयारी की समीक्षा की। उन्हें 3 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अवसंरचना के विकास के साथ-साथ क्षमता विकास और प्रचालन संबंधी तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री को अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों की प्रचालन संबंधी दक्षता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों और प्रौद्योगिकी के नियोजन के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में स्पीयर कोर के सभी रैंकों द्वारा किए जा रहे शानदार कार्य और उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की।

श्री राजनाथ सिंह 29 सितंबर 2022 को अग्रिम चौकियों का दौरा करेंगे तथा प्रचालन संबंधी तैयारियों का जमीनी आकलन करेंगे और सैनिकों के साथ बातचीत करेंगे। वह स्थानीय ईदू मिश्मी जनजाति के वार्षिक ट्रेक अथुपोपू के दूसरे धार्मिक अभियान के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे, जिसे भारतीय सेना द्वारा 2021 से स्थानीय लोगों का समर्थन

करने और पर्यटन के विकास की दिशा में निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में सुविधा प्रदान की जा रही है।

रक्षा मंत्री अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान सीमा सड़क संगठन की अवसंरचना परियोजनाओं की भी समीक्षा करेंगे।

एबीबी/डीएस